प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 25.09.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. पश्चिमी सिंहभूम जिले में दस माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण, डीजीपी ने बताया बड़ी उपलब्धि।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब से थोड़ी देर बाद लगभग 200 नवनियुक्त चिकित्सकों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र, स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी भी रहेंगे मौजूद।
3. झारखंड हाईकोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए शिक्षा सचिव, अदालत ने जेटेट परीक्षा होने तक शिक्षक नियुक्ति का नया विज्ञापन जारी करने पर लगायी रोक।
4. पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी जयंती पर किया जा रहा है याद, प्रधानमंत्री ने कहा–अंत्योदय में सामाजिक न्याय की मजबूती, प्रदेश भाजपा ने भी दी श्रद्धांजलि।
5. राज्य स्तरीय अंडर–17 और अंडर–19 बालक–बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता आज से रांची में, 11 सौ से ज्यादा खिलाड़ी लेंगे भाग।

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के 10 माओवादियों ने आज चाईबासा में राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता के समक्ष आत्म समर्पण कर दिया। इन माओवादियों में कम उम्र की महिला सदस्य भी शामिल हैं। डीजीपी ने इसे पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब से थोड़ी ही देर बाद राजधानी रांची में आयोजित समारोह में लगभग 200 डॉक्टरों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। इन डॉक्टरों में 100 नियमित सरकारी डॉक्टर और 100 संविदा पर नियुक्त होने वाले चिकित्सक शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि निचले स्तर तक स्वास्थ्य सुविधाएं बहाल करना सरकार का लक्ष्य है।

*******************

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार के बाद दवाइयों की कीमतों में भी कमी आयी है। औद्योगिक नगरी जमशेदपुर के दवा विक्रेता नीरज ने बताया कि 22 सितंबर से सभी दवाओं पर जीएसटी की नयी दरों को लागू कर दिया गया है। इससे आम जनमानस को राहत मिली है।

*******************

झारखंड हाईकोर्ट में आज जेटेट परीक्षा मामले पर सुनवाई हुई। अदालत के आदेश पर राज्य के शिक्षा सचिव सशरीर उपस्थित हुए। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने सरकार को यह निर्देश दिया कि जब तक जेटेट परीक्षा नहीं होती, तब तक राज्य में शिक्षक नियुक्ति का नया विज्ञापन जारी न किया जाए।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य की ओर बढ रहा है और अब हमें किसी भी देश में निर्भर रहना मंजूर नहीं है। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल जी ने हमें अंत्योादय की राह दिखाई थी। अन्तोदय में सामाजिक न्याय की मजबूती रही है।

*******************

भारतीय जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी जयंती पर आज प्रदेश भाजपा की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और अंत्योदय के सिद्धांत वास्तव में प्रत्येक देशभक्त के लिए प्रेरणादायक हैं।

*******************

जनसेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज इस विशेष श्रृंखला – सेवा पर्व में हम आपके लिए लेकर आये हैं कि कैसे मोदी सरकार रक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए नवाचारों के माध्यम से भारत के रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत कर रही है।

*******************

घरेलू शेयर सूचकांक, सेंसेक्स और निफ्टी आज सुबह मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। आखिरी रिपोर्ट आने तक सेंसेक्स 224 अंक गिरकर 81 हजार 491 पर और निफ्टी 64 अंक गिरकर 24 हजार 993 पर आ गया।

*******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 6 हजार 200 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 41 हजार रुपये प्रति किलो है।

*******************

*******************

खूंटी जिले के तूतटोली गांव निवासी मोनिका कुमारी ने लगातार मेहनत और लगन से तीरंदाजी में अपनी पहचान बनाई है।

*******************

झारखंड की खेल प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से खेलो झारखंड अंतर्गत राज्य स्तरीय अंडर–17 एवं अंडर–19 बालक–बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आज से खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में होगा।

***************